तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025




तोरवा अरपा पुल पर देर रात पसरा सन्नाटा





**बिलासपुर।** खारंग जलाशय की नहर का इन दिनों युद्ध स्तर पर सुधार कार्य जारी है। इसके अंतर्गत सिंचाई विभाग द्वारा 45 मीटर लंबी क्षतिग्रस्त हो चुकी काँक्रीट को पूरी तरह उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की जा रही है। इस सुधार कार्य के चलते नगर निगम को अमृत मिशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर शहर के लिए प्राप्त होने वाली पानी की सप्लाई बाधित रहेगी।

## ठंड में अचानक लगा ब्रेक, बढ़ने लगा तापमान

**बिलासपुर।** ठंड फिलहाल कम होती दिख रही है। दो दिनों से न्यूनतम तापमान में 3डिग्री की बढ़त हो चुकी है। इससे लोगों को जहां ठंड से राहत मिल रही है, वहीं अचानक हुए बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है।

प्रदेश में फिलहाल मौसम के मिज़ाज में बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते दिनों जहां सुबह-शाम की ठंड ने दस्तक दी थी, वहीं अब तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले 4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना है हालांकि यह राहत ज्यादा समय के लिए नहीं है। 4 दिनों के बाद तापमान दोबारा गिरने से प्रदेश में एक बार फिर शीतलहर चलने की आशंका बनेगी।

- 2 से 3 दिन रहेगा असर, लोगों को मिल रही ठंड से राहत

### स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर


मौसम में अचानक हो रही बदलाव का असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, इस दौरान वायरल फीवर की समस्या घरों-घर देखी जा रही है। इस दौरान 5 से 7 दिनों के बीच ही लोगों को आराम मिल रहा है। इस दौरान लोगों को अस्पताल के चक्कर भी लगाने पड़ रहे हैं।

### ऊलन मार्केट का बाजार ठंडा



नवंबर का महीना खत्म होने वाला है, महीने के बीच में अच्छी ठंड पड़ रही थी, लेकिन इसके बाजवूद ऊलन मार्केट में भीड़ भाड़ नहीं है। ऐसे में मार्केट में बाजार का रूख ठंडा पड़ा है। सुबह से शाम तक कुछ ही दुकानदारों की बिकवाली हो रही है। वहीं शाम व सुबह को गर्म कपड़े की जरूरत नहीं पड़ रही है।

## केबल और तारों का जाल विभाग ने की महज खानापूर्ति







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीच मुख्य सड़कों पर बिजली के खंभों पर लगे केबल व तारों के मकड़जाल बिजली व्यवस्था का मुंह चिढ़ा रहे हैं। कोर्ट के आदेश के बाद कुछ दिनों तक तारों को व्यवस्थित किया गया है, लेकिन दोबारा शहर की सड़कों पर एक बार फिर केबल और तार दिखाई देने लगे है। बिजली के ढीले तार, उलझे हुए तारों के कारण आए दिन शॉर्ट सर्किट और आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

पिछले कुछ दिनों में शहर के कई हिस्सों जैसे महाराणा प्रताप चौक, लिंक रोड, व्यापार विहार, मंगला, मसानगंज, जूनी लाइन, तालापारा, जूना बिलासपुर और सरकंडा क्षेत्र में तारों के जाल दिखाई दे रहे हैं। इसके चलते शॉर्ट सर्किट की घटनाएं सामने आती हैं। ज्यादातर खंबों में लैंड लाइन, टीवी केबल, फाइबर केबल के जाल हैं। वहीं पुराने और जर्जर तारों का भी उचित प्रबंधन नहीं किया गया है। कुछ माह पहले कोर्ट के निर्देश के बाद बिजली अधिकारियों ने केबल हटाया था, लेकिन एक बार फिर शहर की सड़कों पर केबल व तारों के जाल दिखने लगे है।

### ठोस योजना नहीं

जानकारों के मुताबिक कुछ साल पहले स्मार्ट सिटी के तहत सड़कों पर फैले तारों के जालों को व्यवस्थित करने की योजना बनाई गई थी लेकिन यह ठंडे बस्ते में जा चुकी है। भूमिगत केबलिंग जैसी योजनाएं भी केवल प्रस्तावों तक सिमटी हुई हैं। जिन इलाकों में स्मार्ट सिटी के तहत सड़क बनाई गई है, वहां भी तारों के जाल दिखाई दे रहे हैं। विभागीय स्तर पर भी इन तारों को सुव्यवस्थित करने या किसी तरह का सुधार कार्य करने की कोई ठोस योजना नहीं बन पाई है। गर्मी के दिनों में शॉर्ट सर्किट से हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### खंभों पर मोबाइल कंपनियों का कब्जा

शहर के बिजली खंभों पर उलझे तारों को दुरुस्त करने के लिए विभाग के पास ना तो समय है और ना ही कर्मचारी। सुधार कार्य सिर्फ समस्या होने पर ही किया जाता है। शहर के खंभों में बिजली तारों के अलावा मोबाइल कंपनी और जियो फाइबर, केबल तक के तार लटक रहे हैं, जिससे खतरा अधिक बढ़ गया है। खास बात यह है कि एक निजी कंपनी के केबल इतने अधिक हो चुके है कि खंबे भी झुकने लगे हैं।

### हटाने का निर्देश देंगे

हमने शहर के कई जगहों पर केबल ठीक कराया था, इसकी रिपोर्ट भी कोर्ट में दी गई है। अगर इसके बावजूद कहीं दिख रही है तो संबंधित टेलीफोन कंपनी व केबल आपरेटर को हटाने के निर्देश दिए जाएंगे।

**- एके अम्बसट,** कार्यपालक निर्देशक

### खबर संक्षेप

#### ज्यूडिशियल असिस्टेंट भर्ती के लिए आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 25 नवंबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। अगले साल 4 जनवरी को परीक्षा होगी। इसके लिए रायपुर व बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गई है। इसके अलावा आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कंप्यूटर डिप्लोमा, आईटीआई या समकक्ष प्रमाणपत्र होना आवश्यक है।

#### सड़कों पर लगता है नशेड़ियों का जमावड़ा

**बिलासपुर।** सरकंडा पार क्षेत्र में शराब दुकानों में आहाता नहीं होने के कारण नशेड़ियों का जमावड़ा सड़क पर ही होने लगा है। शनिचरी बाजार, अशोक नगर जैसे इलाकों में रोजाना सड़क पर ही बैठ कर मदिराप्रेमी जाम छलकाने में लगे रहते है। इस दौरान हर आने जाने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ना तो प्रशासन को इसकी भनक है और ना ही आबकारी विभाग ठोस कदम उठा रहा है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, कुछ लोगों ने इसकी शिकायत भी विभागीय अधिकारियों से की है लेकिन इसका हल नहीं निकला सका है।

### लोग अपनी पहचान बताने की कर रहे मशक्कत

## शिक्षक वोटरों की तलाश में, हाथों में किताबों की जगह मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने लोगों को मुश्किलों में डाल दिया है। बहुत से पुराने मतदाताओं के 2003 की पुनरीक्षण सूची में नाम ही नहीं मिल रहा है तो अपने रिश्तेदारों के नाम भी नहीं मिल रहे हैं। ऐसे लोगों को खुद की पहचान साबित करना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने 11 सूची में से एक दस्तावेज मांगे हैं। उधर जिले के स्कूलों में फिलहाल मास्टर नहीं बल्कि बीएलओ दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बिलासपुर के 6 हजार से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी वोटर लिस्ट जांचने में लगा दी गई है। अब सवाल उठता है कि पढ़ाई कौन कराएगा। छमाही परीक्षा नजदीक है तो बोर्ड परीक्षा सिर पर है, लेकिन गुरुजी किताब छोड़कर वोटर खोज रहे हैं। फिलहाल इन शिक्षकों के हाथों में किताब की जगह मतदाता सूची है तो पढ़ाई ठप है। बच्चे परेशान शिक्षकों को खोज रहे हैं, जबकि अगले माह छमाही परीक्षा और फरवरी में 10वीं-12वीं बोर्ड के एग्जाम हैं।





- कई स्कूल तो ऐसे भी हैं जहां के सारे टीचरों की ड्यूटी लगा दी गई, सवाल यह है कि पढ़ाई कौन कराएगा

2025 की लिस्ट के अनुसार गणना-प्रपत्र लेकर बीएलओ लोगों के घर पहुंच रहे हैं। अब इस प्रपत्र के आधार पर बीएलओ को 2003 की एसआईआर की सूची से मिलान करने में दिक्कत आ रही है। सबसे पहले तो लोगों को अपना नाम ढूंढना ही मुश्किल हो रहा है। सरकंडा निवासी विमलेश कुमार ने बताया कि 2003 के एसआईआर में नाम मिल ही नहीं रहा है, जबकि वे और उनके परिवार के सभी सदस्य एक ही मतदान केंद्र में वोट डाल रहे हैं। संतोषी बघेल के मुताबिक 2003 की लिस्ट में उनका और उनके मम्मी-पापा और भाई का नाम भी नहीं मिल रहा है।

### ए, बी व सी तीन कैटेगरी बना रहे

बीएलओ का कहना है कि वे पुनरीक्षण के दौरान तीन प्रकार की कैटेगरी बना रहे हैं। ए कैटेगरी में उन लोगों के फार्म रख रहे हैं, जिनके नाम 2003 की सूची में है। बी कैटेगरी में उन्हें शामिल कर रहे हैं, जिनके खुद के नाम नहीं हैं, लेकिन उनके रिश्तेदारों के नाम 2003 की सूची में है। सी कैटेगरी में ऐसे लोगों को शामिल कर रहे हैं, जिनके ना खुद के नाम और ना रिश्तेदारों के नाम 2003 की सूची में है। ऐसे लोगों को सीईओ कार्यालय से बाद में वेरिफाई करने के लिए नोटिस जारी करेगा।

### दूसरे राज्य की महिलाओं की जानकारी नहीं

बीएलओ के सामने सबसे कठिन चुनौती उन महिलाओं की है, जिनका मूल नामांकन दूसरे राज्यों खासकर उत्तरप्रदेश व राजस्थान में हुआ था। शादी के बाद बिलासपुर आने पर अब उनका नाम स्थानीय लिस्ट में जोड़ना है, लेकिन बीएलओ एप पर दूसरे राज्यों की वोटर लिस्ट खुल नहीं रही। इन महिलाओं का पुराना रिकॉर्ड मिलान असंभव हो गया है।

### स्कूलों में भी पढ़ाई लगभग ठप

जिले के स्कूलों में भी पढ़ाई लगभग ठप है। हालांकि पहले भी निवार्चन आयोग के लिए शिक्षक ही बीएलओ ही बनाए जाते थे, लेकिन इस बार अभियान को बड़ा बताकर पूरी शिक्षा व्यवस्था को पटरी से उतार दिया गया है। बिलासपुर जिले की 6 विधानसभाओं के लिए 6 हजार से ज्यादा शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### अतिरिक्त मानदेय देना होगा

यह सही है कि छमाही परीक्षा नजदीक है तो बोर्ड परीक्षा सिर पर है। शिक्षकों को दोनों कामों में समन्वय बिठाने कहा गया है। एसआईआर का काम स्कूल के समय से अतिरिक्त करना है। स्कूल समय से दो घंटे पहले या बाद में यह सर्वे करना है। शासन इसके लिए बीएलओ बनाए शिक्षकों को अतिरिक्त मानदेय भी देगा।

**- शिव बनर्जी,** अतिरिक्त कलेक्टर

## फर्जीवाड़ा रोकने टेक्नोलॉजी की मदद, हर टोकन के क्यूआर कोड की होगी स्कैनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में बिकने आया धान इस बार टेक्नोलॉजी की कड़ी परीक्षा पास करने के बाद ही बेचा जा सकेगा। धान खरीदी में फर्जीवाड़ा रोकने सरकार ने इस साल से नई व्यवस्था लागू की है। किसानों को जारी प्रत्येक टोकन में क्यूआर कोड दिया गया है, जिसे उपार्जन केंद्रों में धान बेचने से पहले स्कैन किया जाएगा। स्कैनिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टोकन लेने एवं धान बेचने वाला किसान वास्तविक है।



- धान बेचने वाले किसान की वास्तविकता जांचने सरकार का नया प्रयोग

दूसरों के खाते में दूसरों का धान बेचना इस साल संभव नहीं हो सकेगा। सरकार द्वारा इस तरह का फर्जीवाड़ा रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। ऑनलाईन तरीके से टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से या उपार्जन केंद्र में भौतिक रूप से लाईन लगकर टोकन प्राप्त करने के बाद धान बेचने के लिए उपार्जन केंद्र जाने वाले किसानों को कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा। किसानों को जारी प्रत्येक टोकन में एक क्यूआर कोड अंकित किया गया है, जिसकी उपार्जन केंद्रों में तैनात कर्मचारियों द्वारा स्कैनिंग की जाएगी। ऐसा इसलिए ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि टोकन कटवाने के बाद संबंधित किसानों द्वारा बिक्री के लिए धान वाहनों में भरकर उपार्जन केंद्र तक लाया भी गया है या नहीं? टोकन में क्यूआर कोड की स्कैनिंग संबंधी व्यवस्था सरकार द्वारा पहली बार की गई है। इस प्रक्रिया से सहकारी समितियों में पदस्थ कर्मचारियों एवं किसानों को थोड़ी परेशानी उठाने के साथ ही थोड़ा समय जरूर खर्च करना पड़ेगा, लेकिन धान बिक्री के दौरान होने वाले फर्जीवाड़े से निजात मिल जाएगी।

### एप ने दिया धोखा, रविवार को नहीं कटा कोई टोकन

धान बेचने के लिए रविवार से शुक्रवार तक टोकन जारी करने की व्यवस्था की गई है, लेकिन रविवार को जिले के एक भी किसान का टोकन जारी नहीं हो सका। टोकन तुंहर हाथ एप में किसान सुबह से शाम तक प्रयास करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। सरकार ने किसानों को घर बैठे आसानी से टोकन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टोकन तुंहर हाथ नामक एप लांच तो कर दिया है, लेकिन रविवार को जिले के किसी भी किसान के हाथ में टोकन नहीं आया। एप में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक टोकन लेने की व्यव्स्था है, लेकिन यह समयावधि केवल नाम भर की है, क्योंकि एप ओपन होते ही कुछ मिनटों में धान खरीदी का कोटा फुल हो चुका होता है। रविवार की स्थिति में दो दिसंबर तक के लिए टोकन जारी किए जा चुके थे, वहीं तीन दिसंबर का टोकन किसानों को प्राप्त हो सकता था। किसानों ने रविवार को पूरे दिन इसके लिए प्रयास किया, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। इधर एप से भी बुरी स्थिति सहकारी समितियों में नजर आ रही है। टोकन के लिए एप तो सुबह आठ बजे ओपन हो जाता है, लेकिन सहकारी समितियों के ताले दस बजे से खुलते हैं, जिससे आफिस खुलने के समय से पहले ही टोकन जारी होने का कोटा फुल हो चुका होता है।

### धान लदे वाहन के साथ ली जाएगी किसान की फोटो

कई बार किसानों के खाते में परोक्ष रूप से किसी भी अन्य व्यक्तियों का धान बेचा जाना दर्ज हो जाता है, लेकिन संबंधित किसान द्वारा धान बेचा ही नहीं जाता। इस बार धान बेचने उपार्जन केंद्र आने वाले प्रत्येक किसान की फोटो भी उसके धान लदे वाहन के सामने खड़ा कराकर ली जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके, कि जिस किसान के नाम पर टोकन जारी किया गया है उसी किसान या उसके परिजनों द्वारा उपार्जन केंद्र आकर धान बेचा गया।

### एक ट्रैक्टर में तीन किसानों के धान, कैसे होगा परीक्षण?

जिन किसानों का उत्पादन कम होता है, वे उपार्जन केंद्र के लिए अलग से किराए का वाहन नहीं लेते। ऐसे किसानों द्वारा गांव के अन्य छोटे किसानों के साथ मिलकर एक ट्रेक्टर या अन्य वाहन किराए पर लेकर धान को उपार्जन केंद्र तक पहुंचाया जाता है। इस संबंध में विपणन विभाग का कहना है कि गाड़ी का नंबर भले ही एक जैसा आएगा, लेकिन सबके टोकन का नंबर एवं किसानों के नाम व उनकी फोटो अलग-अलग होगी, जिससे सबकी पहचान कर ली जाएगी।

### किया जाएगा स्कैन

धान खरीदी की प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा रोकने एवं वास्तविक किसानों की पहचान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा इस साल टेक्नोलॉजी की मदद ली जा रही है। इसके अंतर्गत किसानों को जारी प्रत्येक टोकन में अंकित क्यूआर कोड को उपार्जन केंद्र में स्कैन किया जाएगा। इसके अलावा धान लदे वाहन के नंबर के साथ किसानों की फोटो भी ली जाएगी।

**- अमित कुमार चंद्राकर,** डीएमओ


हरिभूमि





## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नगर की तान्या का डीएसपी के पद पर चयन, बनना चाहती है डिप्टी कलेक्टर



**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर बिलासपुर की छात्रा तान्या पाण्डेय का चयन उप पुलिस अधीक्षक के पद पर किया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 में 40 वां रैंक प्राप्त किया है। वे डिप्टी कलेक्टर बनना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि 10 वीं उन्हें 90.8 प्रतिशत एवं 12 वीं में 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वे गंगा नगर निवासी नरेन्द्र पाण्डेय और मीना पाण्डेय की सुपुत्री है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने भाई अप्रतिम, प्रतीक, हितेश पाण्डेय, बड़े पापा राजेन्द्र पाण्डेय, अंजली पाण्डेय को दिया है।

### सेजस लाजपतराय स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** सेजस लाजपत राय खपरगंज स्कूल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित मॉडल का प्रदर्शन कर नुक्कड़ नाटक, नृत्य पेश किया। विज्ञान मेला आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना एवं नए-नए शोध करना रहा। छात्र-छात्राओं ने जल, विद्युत बांध, प्रकाश का प्रवर्तक, डिजिटल टोल प्लाजा, भूकंप मापी, व्हाइट स्टोन ब्रिज, विद्युत परिपथ, वर्षा जल संचयन, ज्वालामुखी, चुंबकीय क्षेत्र से विद्युत उत्पन्न एवं विद्युत बचत आदि अनेक मॉडल बनाए। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा ग्यारहवीं के छात्र गौरव तिवारी का मॉडल रहा। जिसने दृष्टिबाधितों के लिए चश्मा बनाया। द्वितीय स्थान जल विद्युत बांध को दिया गया। जिसे काजल साव, सृष्टि, मृत्युंजय, सिद्धि शुक्ला, कमल सेन ने बनाया था। छात्र लाभांश सराफ एवं ग्रुप ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। मेले में निर्णायक के रूप में चंद्राणी बोस व्याख्याता सेजल शहीद भगत सिंह एवं राजी गुप्ता व्याख्याता सेजस लाजपत राय स्कूल उपस्थित रही। विज्ञान मेले का आयोजन व्याख्याता पामेला डे, शिप्रा पॉल, अंकिता प्रिया श्रीवास्तव ने प्राचार्य भूपेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में किया।

### दुर्गादास राठौर की पुण्यतिथि पर रक्तदान, 60 यूनिट रक्त संग्रहित



**बिलासपुर।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 307वीं पुण्यतिथि पर क्षत्रिय राठौर समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। समाज के इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम हंसवाहनी ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने राठौर समाज की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे सामाजिक कार्यों में सभी वर्गों को जुड़ने की अपील की। उन्होंने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर चौक और राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर मार्ग की घोषणा भी की। विशिष्ट अतिथि बंधु मौर्य, वार्ड 51 पार्षद प्रीतेश सोनी और वार्ड 50 पार्षद जय वाधवानी थे। सम्मानित अतिथियों में षष्ठी राठौर, नीरज राठौर, सुशील धर दीवान, संजय जैन उपस्थित थे। मंच संचालन नरेंद्र बलिराम राठौर ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड़ जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। शहर और विभिन्न ग्रामों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान नवनीत सिंह राठौर को उनकी 79वीं रक्तदान उपलब्धि और राकेश सिंह राठौर को 25वीं बार रक्तदान पर महापौर पूजा विधानी द्वारा सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक परिचय सम्मेलन में भाग लेने पंजीयन 30 तक

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट का सर्व वैश्य तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 21 दिसम्बर रविवार को कसोंधन वैश्य समाज भवन, करबला रोड, बीजेपी ऑफिस के सामने, पुराना बस स्टैंड रोड, में होने जा रहा है। आयोजन समिति के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता के अनुसार उक्त परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए 30 नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वैवाहिक रिश्ते के लिए विवाह योग्य युवक युवतियों एवं परिजनों को समकक्ष वैश्य समुदाय के बीच विकल्प के विस्तार होने के साथ ही विधवा, विधुर, तलाकशुदा, मांगलिक एवं अधिक आयु के अविवाहित लोगो के लिए यह आयोजन रखा गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित देश के दस से अधिक राज्यों के वैश्य समाज के प्रतिभागियों द्वारा शामिल होने पंजीयन कराया जा रहा है। प्रतिभागीयों को अपना नया वैवाहिक जीवन आरंभ करने इस आयोजन में वैश्य समूह के छत्तीसगढ़ी, मारवाड़ी, दसा, बीसा, दानी, अग्रवाल, अयोध्यावासी, माहेश्वरी, कसौंधन वैश्य गुप्ता, केशरवानी, गहोई, हलवाई, अग्रहरि सहित अन्य समकक्ष वैचारिक समानता वाले वैश्य समाज के प्रतिभागी, परिजन, समाज सेवी, केवल पूर्व पंजीयन होने पर ही 21 दिसम्बर के कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

### ट्रेन में सफर कर रहे बीमार शिशु को समय पर मिला उपचार

**बिलासपुर।** ट्रेन में सफर करने वाली महिला के साथ एक शिशु भी सफर कर रहा था, जिसकी अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही जिस स्टेशन में ट्रेन स्टापेज की सुविधा नहीं थी, वहां सूचना देकर ट्रेन को रूकवाने के बाद शिशु को समय पर उपचार की सुविधा देने का कार्य रेंल प्रशासन ने किया। जानकारी के अनुसार 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस के बी 2 कोच के बर्थ नम्बर 40 पर एक महिला यात्री अपने बच्चे के साथ सफर कर रही थी। सफर के दौरान बच्चे की तबीयत खराब हो गई और वह लगातार उल्टी करने लगा। इसकी जानकारी महिला यात्री ने ट्रेन में ड्यूटी कर रहे टीटीई एन विश्वास को दी। पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस का स्टापेज बिलासपुर रेलवे स्टेशन से पहले किसी भी स्टेशन में नहीं दिया गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद टीटीई ने वाणिज्य कंट्रोल को इसकी जानकारी दी, जिसके उपरांत बिलासपुर रेल प्रशासन ने तत्काल कोचिंग कंट्रोल को मेमो जारी कर चांपा स्टेशन में ट्रेन का आवश्यक स्टापेज सुनिश्चित कराया। चांपा स्टेशन में स्टेशन प्रबंधक और वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजर ने मिलकर तत्काल चिकित्सा सहायता की व्यवस्था कराई।

## भोजन के लिए लग रही लंबी कतार...



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के लिए स्वाभिमान थाली योजना चलाई जा रही है। सभी स्टूडेंट्स को इस योजना के तहत सिर्फ 10 रुपए में स्वादिष्ट भोजन दिया जाता है। योजना के तहत भोजन करने के लिए स्टूडेंट्स की लंबी कतार लग रही है। भोजन का टोकन लेने के लिए स्टूडेंट्स कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे जा रहे हैं। भीड़ अधिक होने के कारण कई स्टूडेंट भोजन से वंचित भी रह रहे हैं, हालांकि प्रबंधन सभी को भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है।

### अमृत भारत योजना के तहत 16 स्टेशनों में किया जा रहा विकास कार्य

# सीबीआई की जांच पूरी नहीं : रोक दिया गया है स्टेशन डेवलपमेंट का कार्य



रेलवे स्टेशन थाना के सामने निर्माण कार्य बंद कर परिसर को बनाया बाइक स्टैण्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीबीआई की रिश्वत कांड मामले में जांच के बाद रेलवे के मुख्य अभियंता के साथ झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड के एमडी की गिरफ्तारी की गई थी। इसकी जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है और न ही रेल प्रशासन को कोई रिपोर्ट दी गई है। इसका असर बिलासपुर रेलवे स्टेशन के डेवलपमेंट कार्य में दिखाई दे रहा है, जो पिछले आठ माह से बंद पड़ा हुआ है। अब तक गेट नम्बर तीन से लेकर जनआहार के बाहर तक गड्ढा ही किया गया है, जहां रेल कर्मचारियों के लिए नई पार्किंग व्यवस्था बन गई है।

अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर डिवीजन में बिलासपुर सहित करीब 16 स्टेशनों में पुनर्विकास कार्य शुरू कर दिया गया है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन को डेवलप करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 392 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर को एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए मैकेनिकल, आपरेटिंग, कंस्ट्रक्शन, कामर्शियल सहित अन्य विभागों के अफसरों ने सर्वे पूरा करने के बाद टेंडर भी जारी कर 392 करोड़ रुपए ठेका बिलासपुर के जगमल चौक स्थित झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड को दिया था। यह कंपनी स्टेशन डेवलपमेंट के साथ रेल लाइन बिछाने, बिल्डिंग निर्माण, रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज सहित रेलवे के दूसरे काम भी कर रही है। आठ माह पहले सीबीआई की टीम ने रेलवे के मुख्य अभियंता विशाल आनंद को झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड से 32 लाख रुपए के रिश्वत मामले में गिरफ्तार कर लिया था। सीबीआई की कार्रवाई के बाद बिलासपुर स्टेशन के गेट नम्बर तीन से लेकर जनआहार तक जेसीबी से खोदाई और अन्य कार्य किया जा रहा था।

#### बन गई है स्टाफ पार्किंग

रनिंग लॉबी से लेकर पुराने जनआहार के सामने तक पेड़ों की कटाई, बाउंड्रीवाल और अन्य कार्यो को तोड़फोड़ करने के बाद पूरी तरह से छोड़ दिया गया है। इस कार्य की वजह से गेट नम्बर तीन से यात्रियों का आवागमन और टिकिट काउंटर भी बंद के साथ चारों ओर से शेड लगाने के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। यात्रियों के लिए स्टेशन गेट के सामने बनाई गई पार्किंग को 300 मीटर की दूरी पर स्थापित कर दिया गया है। वहीं गेट बंद होने और काम रूकने के कारण अब यह जगह रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों की पार्किंग के काम आ रही है।

#### एक ओर बंद दूसरी ओर शुरु

जोनल रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर तीन पर काम पिछले आठ माह से बंद करने के बाद यात्रियों को केवल परेशान करने का काम किया जा रहा है। स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया के साथ अब अंदर प्लेटफार्म नम्बर एक पर भी केवल वीरानी छाई रहती है। एक ओर का काम बंद करने के बाद दूसरी ओर यानि सेकेंड एंट्री चुचुहियापारा के तरफ एफओबी और टिकिट काउंटर को तोड़ने का काम शुरु कर दिया गया है, जिसे तोड़कर केवल 5 से 10 फीट दूर नया कार्य किया जाएगा।

#### किया जाना है काम

स्टेशन में 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है, ताकि आगामी दिनों में स्टेशन एक अलग लुक में यात्रियों को नजर आए। इसके तहत सिटी साइड के फ्रंट एरिया यानि नार्थ ईस्ट साइड में आने जाने के लिए स्टेशन बिल्डिंग में गेट नम्बर 3 और 2 पोर्च एरिया के साथ मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब में पब्लिक व्हीकल पार्किंग जोन, ड्राप पाइंट एंड पिकअप जोन, पेडिस्ट्रेशन प्लाजा, पार्सल एंड आरएमएस बिल्डिंग, रिजवर्ड लॉज बिल्डिंग, पब्लिक टायलेट फेसिलिटी, रोड, लैंड स्केपिकंग एंड सरफेस पार्किंग, अतिरिक्त डिजाइन व अन्य कार्य शामिल हैं।

#### नहीं मिली रिपोर्ट

सीबीआई की जांच में कंपनी और रेलवे जोन के चीफ इंजीनियर को पकड़ा गया था। चीफ इंजीनियर विशाल आनंद अब तक सस्पेंशन में चल रहे हैं। वहीं सीबीआई की जांच रिपोर्ट अब तक मुख्यालय तक नहीं पहुंची है। जहां तक स्टेशन डेवलपमेंट का कार्य है तो उसे किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो सके।

-सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर

## रेलवे ने वित्तीय वर्ष में किया एक बिलियन टन का लदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक बिलियन टन माल ढुलाई का आंकड़ा पार कर दिया है। कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट और कंटेनर लोडिंग में मजबूती के कारण माल ढुलाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, दैनिक माल ढुलाई 4.4 मिलियन टन तक पहुंची, जो पिछले वर्ष के स्तर से अधिक है। इस ढुलाई में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की भी महत्वपूर्ण भागीदारी है, जिसमें अकेले बिलासपुर रेल मंडल ने 195 दिन में 100 मिलियन टन का माल लदान किया है।

■ बिलासपुर जोन की भी महत्वपूर्ण भागीदारी

रेलवे के अनुसार इस वर्ष संचयी लोडिंग 1 बिलियन टन के आंकड़ें को पार कर दी है। 19 नवंबर तक 1020 मिलियन टन तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि प्रमुख क्षेत्रों से व्यापक समर्थन को दर्शाती है। कोयला 505 मिलियन टन के साथ बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है। इसके बाद लौह अयस्क 115 मिलियन टन, सीमेंट 92 मिलियन टन, कंटेनर व्यापार 59 मिलियन टन, कच्चा लोहा और तैयार इस्पात 47 मिलियन टन, उर्वरक 42 मिलियन टन, खनिज तेल 32 मिलियन टन, खाद्यान्न 30 मिलियन टन, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल 20 मिलियन टन, शेष अन्य वस्तुएं 74 मिलियन टन है। दैनिक लोडिंग करीब 4.4 मिलियन टन पर मजबूत बनी हुई है, जो पिछले वर्ष के 4.2 मिलियन टन से जयादा है। इसी तरह रेल मंडल बिलासपुर ने पहली बार धनबाद डिवीजन से आगे निकलकर कम दिनों में 100 मिलियन टन माल लदान करते हुए एक नया रिकार्ड बनाया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर रेल मंडल ने केवल 195 दिन में 100 मिलियन टन माल लदान का अभूतपूर्व लक्ष्य हासिल करते हुए पूरे रेलवे के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले यह रिकार्ड धनबाद मंडल के नाम था, जिसने 198 दिनों में यह उपलब्धि प्राप्त की थी। वहीं बिलासपुर मंडल का स्वयं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 203 में 100 मिलियन टन माल ढुलाई का था, जिसे विगत वित्तीय वर्ष में किया गया था। इस वित्तीय वर्ष में बिलासपुर डिवीजन ने सबसे तेज गति से 100 मिलियन टन माल लोडिंग करते हुए देश का प्रथम मंडल बनने का गौरव अर्जित किया है। बिलासपुर डिवीजन की उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने रेल कर्मयोगियों, लोको पायलटों, कामर्शियल एवं आपरेटिंग स्टाफ सहित सभी सहयोगी विभागों से कहा कि यह सफलता हमारी टीम भावना, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है।

### मितानिनों ने साझा की अपनी समस्याएं पूर्व सभापति की अगुवाई में हुआ सम्मान



**बिलासपुर।** मितानिन दिवस पर क्रमांक वार्ड क्रमांक 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29 व 32 के समस्त मितानिनो, प्रशिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। समारोह में शहर भर से पहुंची सैकड़ों मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई नगर निगम के पूर्व सभापति छोटे पार्षद शेख नाजिरुद्दीन ने की। पूर्व महापौर रामशरण यादव ने भी प्रशंसा की। मितानिनों ने अपनी समस्याएँ और अनुभव भी साझा किए। सामाजिक कार्यकर्ता जहूर अली ने कहा कि उनका यह प्रयास समाज और स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समस्त मितानिनो व वरिष्ठ प्रशिक्षकों को सम्मनित किया गया, जिसमे में देवलक्ष्मी, अंजना, रेखा बंजारे, संतोषी ढीमर, गीता पटेल, शकुन मसीह, शिल्पा पांडे, सावित्री दुबे, दुर्गेश उइके, संजू बेगम का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में खालिक, शफीक सबरीन, अर्जुन सिंह, अनूप बीडीका, शेख निजामुद्दीन दुलारे, शबाब अली सब्बू, शाहरुख, आदिल आदि मौजूद थे।

### मेयर विधानी ने मितानिनों का गिफ्ट देकर किया सम्मान, बढ़ाया उत्साह



**बिलासपुर।** आज वार्ड क्रमांक 31 एवं 32 लाला लाजपत राय नगर एवं शहीद विनोद चौबे नगर में पूर्व पार्षद उषा राजेश मिश्रा के निवास पर मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने समस्त मितानियों को तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल तथा गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। मितानिनों में सुकून मसीह, संतोषी विश्वकर्मा, हेमलता साहू, सबीना बेगम, जुलेखा बेगम, अनुसूया साहू, मालती साहू उपस्थित थीं। पूर्व पार्षद उषा मिश्रा ने मुख्य अतिथि पूजा विधान को सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा, जितेंद्र राय, उषा मिश्रा, जगदीश साहू, प्रवीण सेन गुप्ता, मोनू रजक, यश मिश्रा, सतीश यादव अरूज मिश्रा आदि मौजूद थे।

### ट्रैफिक, पार्किंग की समस्या दूर करने जरूरी है मल्टीलेवल पार्किंग का उपयोग

# सिटी कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग के लिए जारी होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्मार्ट सिटी परियोजना तहत शहर में बनाए गए दो प्रमुख स्थानों पर मल्टीलेवल पार्किंग काफी उपयोगी सिद्ध हो रहा है। कलेक्टोरेट और अतिव्यस्त एरिया सिटी कोतवाली परिसर में बनाए गए पार्किंग में बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों को पार्क कर रहे हैं।

इससे ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से काफी हद तक निजात मिली है। बढ़ती संख्या और व्यवस्था के लिए सिटी कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग के संचालन का टेंडर निकालने जा रही है जिसके लिए प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। बिलासपुर स्मार्ट सिटी ने शहर में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या को देखते हुए शहर के दो प्रमुख व्यस्तम क्षेत्र कलेक्ट्रेट और सिटी कोतवाली क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग बनाया है, जिसके शुरुआत में अच्छा प्रतिसाद नहीं मिला था। लोग सड़क पर ही गाड़ियां पार्क कर रहे थे। प्रशासन की सक्रियता और लोगों की जागरूकता ने असर दिखाया और अब ये दोनों पार्किंग लगभग फूल चल रहे हैं। 220 चारपहिया और 200 दोपहिया वाहनों की क्षमता वाले कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में तो 120 मासिक पास जारी किए गए हैं। इसी तरह 180 चारपहिया और 200 दोपहिया वाहन क्षमता वाले सिटी कोतवाली पार्किंग में भी 95 मासिक पास जारी किए गए है। इसके अलावा इन दोनों पार्किंग में रोजाना आने वालों की संख्या भी बहुत है, जहां कलेक्ट्रेट क्षेत्र में शासकीय दफ्तर पहुंचने वाले बड़ी संख्या में नागरिक पार्किंग में गाड़ी पार्क करते हैं तो सिटी कोतवाली क्षेत्र में बाजार पहुंचने वाले लोग और व्यापारियों के लिए पार्किंग बहुत बड़ी राहत है। बेहतर परिणम को देखते हुए स्मार्ट सिटी द्वारा सिटी कोतवाली एमएलसीपी के संचालन एवं रखरखाव के लिए शीघ्र ही टेंडर आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। टेंडर के माध्यम से एक सक्षम व पेशेवर आपरेटर का चयन किया जाएगा जो पार्किंग प्रबंधन, डिजिटल भुगतान सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक नागरिक अनुकूल बना सकें।

## बर्ड वाक में प्राकृतिक प्रेमियों ने की पक्षियों की पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फदहखार फॉरेस्ट रेंज बिलासपुर में 23 नवंबर रविवार को प्रकृति प्रेमियों द्वारा एक सफल बर्ड वॉक आयोजित किया गया। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित इस बर्ड वॉक में कुल 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिनमें प्रतिभागियों ने जंगल में चलते हुए विविध पक्षी प्रजातियों का निरीक्षण कर उनकी पहचान का अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान कुल 24 विभिन्न पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया गया। प्रमुख पक्षियों में ग्रीन बी-ईटर, ब्लैक ड्रोंगो, कॉपरस्मिथ बार्बेट, ब्लैक काइट, वायर-टेल्ड स्वैलो, बार्न स्वैलो, पाइड किंगफिशर, व्हाइट-थ्रोटेड किंगफिशर, कॉमन किंगफिशर, पर्पल सनबर्ड, रोज़-रिंग्ड पैराकीट, इंडियन सिल्वर-बिल,आदि अन्य कई पक्षी भी देखे गए। यह इस महीने का तीसरा बर्ड वॉक था। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पक्षियों, उनके प्राकृतिक आवास, पर्यावरणीय संतुलन एवं आवास विनाश के प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। प्रतिभागियों को जैव-विविधता संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने प्रेरित किया गया। आयोजकों द्वारा अगला बर्ड वॉक 30 नवंबर (रविवार) को कोप्रा डैम में करने की योजना है। पंजीकरण के लिए इंस्टाग्राम प्रोफाइल्स पर उपलब्ध कराए जाएंगे। राहुल गुप्ता, रतनैश गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को लगातार आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रकृति और पक्षी संरक्षण से जुड़ सकें। इसमें जितेंद्र साहू तथा अनुभवी बर्डर्स राहुल गुप्ता और रत्नेश गुप्ता का सहयोग रहा।



बिलासपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## गोष्ठी में साहित्यकारों ने किया काव्य पाठ



**बिलासपुर।** छ.ग. कविता चौपाटी का सम्मान समारोह व काव्य गोष्ठी खूंटाघाट में आयोजित की गई। इसमें अंचल के 50 साहित्यकारों ने भाग लेकर काव्य पाठ किया। साहित्यकार प्रमोद कश्यप रतनपुर की दो कविताओं का अनावरण अतिथियों ने किया। उन्हें शॉल, श्रीफल, प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि ज्येष्ठ नागरिक संघ के राघवेन्द्र धर दीवान, विशिष्ट अतिथि, डॉ विनोद कुमार वर्मा एवं महेतरू मधकुर रहे। अध्यक्षता कला, विज्ञान महाविद्यालय बलौदा की प्राचार्या डॉ. आरती झा ने की। प्रथम सत्र में श्री विश्वनाथन ने हाऊजी सहित अन्य मनोरंजक खेल खिलाया। जिसमें विजेता डॉ. विनोद वर्मा, धनेश्वरी सोनी, एनके. शुक्ला, आरती राय, पुष्पा श्रीवास रही। जगतारन डाहिरे ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया। राकेश खरे, दिलीप, आरती राय, धनेश्वरी सोनी, सुरेश पैगवार, एन.के. शुक्ला, शैलेन्द्र गुप्ता, दिनेश्वर राव जाधव, जलेश्वरी देवी, शत्रुहन जैसवानी, दुर्गा प्रसाद, पूर्णिमा तिवारी ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर भानुप्रताप, आशाराम कश्यप, राजेन्द्र मौर्य, वरिष्ठ साहित्यकार काशीराम साहू उपस्थित रहे। इन्हें मिला सम्मान द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि मधु मौर्य, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार काशीराम साहू व युनुस मेनन रतनपुर रहे। अध्यक्षता डॉ. जी.डी. पटेल 'पुष्कर' ने की। सम्मान समारोह में डॉ. विनोद वर्मा को विशेष साहित्य सम्मान, राघवेंद्रधर दीवान को भामा शाह, रतनपुर के पत्रकार बिुद्धसागर सोनी को नारदश्री, सतीश पाण्डेय को सखा सहयोग सम्मान'' से सम्मानित किया गया।

नियुक्ति

## डीपी विप्र कॉलेज में समाज शास्त्र समाज कार्य परिषद का गठन



**बिलासपुर।** डीपी विप्र कॉलेज के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में परिषद का सफलता पूर्वक पुनर्गठन किया गया। समाज शास्त्र परिषद में अध्यक्ष पद का दायित्व सुमन साहू को सौंपा गया। इसी प्रकार समाज कार्य परिषद में उपाध्यक्ष हेमलता, सचिव पूनम तथा सहसचिव नीलिमा कश्यप को नियुक्त किया गया। समाज कार्य विभाग में धनेश रजक अध्यक्ष, तमेश रजक उपाध्यक्ष, आकाश सोनी सचिव तथा गुलनीन कौर को सहसचिव के रूप में चयनित किया गया। इन परिषदों के गठन का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक समझ, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना है। चयनित पदाधिकारियों को विभागीय गतिविधियों के संचालन, सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिषदें विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को सक्रिय सहभागिता और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम

## चंद्र दिवस पर बुजुर्गों का सम्मान, कन्याओं का पूजन



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सिंधी धर्मशाला में चंद्र दिवस पर बुजुर्गों का सम्मान एवं कन्याओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर माला पहनाकर एवं पूज्य बहाराणा साहिब की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। महिला मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी। दोपहर में भंडारा का आयोजन किया गया। रात्रि में भगवान झूलेलाल की आरती की गई। नगर की तीन पूज्य सिंधी पंचायत सकरी, मंगला एवं सरकंडा में रहने वाले बड़े बुजुर्ग अध्यक्ष पीएन खत्री, मनोहर थावरानी, राजेश छुगानी, पूज्य सिंधी सेंट्रल युवा विंग के अध्यक्ष रोबिन वाधवानी, कार्यकारी अध्यक्ष पवन वाधवानी का पाखर पहनाकर, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। महिला मंडली के सदस्यों ने कुंवारी कन्याओं का तिलक लगाकर पूजन किया। नानक राम नागदेव ने बताया कि आए हुए समाज के सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष जगदीश हरद्वानी ने आभार व्यक्त किया। पूज्य बहराणा साहब को धर्मशाला से पचरीघाट अरपा नदी में लेकर विधि-विधान के साथ का विसर्जन किया गया। अखंड ज्योत को प्रवाहित कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष भाई जगदीश हरद्वानी, नानकराम नागदेव, मुरली मलघानी, विजय, गोविन्द दुसेजा, कैलाश श्यामनानी, इंद्रजीत गंगवानी, उत्तम बोदवानी, हरदास आसवानी, सतीश गंगवानी, कुमार पोपटानी, विजय हरीयानी, मधु आहुजा, दिव्या, प्रीति वाधवा, ज्योति पंजाबी, भारती दुसेजा, रेशमा का विशेष सहयोग रहा।

# सिखों के 9वें गुरु के शहीदी दिवस पर आरएसएस की संगोष्ठी






### गुरुतेग बहादुर का इतिहास मानवता के प्रति अटूट समर्पण

**राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बिलासपुर के संपर्क विभाग प्रमुख ने सिखों के 9 वें गुरु श्री गुरुतेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस पर रविवार को संजीवनी हास्पीटल सभागृह में एक प्रबुद्धजन संगोष्ठी आयोजित की। इसमें मुख्य वक्ता अमरिक सिंह चण्डीगढ़ ने कहा कि गुरुतेग बहादुर की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है और हमें जीवन के प्रति सही दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा देती है। गुरुतेग बहादुर का इतिहास धर्म और मानवता के प्रति उनके अटूट समर्पण और बलिदान की एक प्रेरणादायक कहानी है।**

**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों ने भारत माता व गुरुतेग बहादुर की पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद आरएसएस के संपर्क विभाग प्रमुख राजकुमार गुप्ता ने विषय का प्रस्तावना पेश किया और कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि आज एक ऐसे विभूति को याद करने जा रहे हैं जिन्होंने भारतीय परंपरा को अक्षुग्ण बनाए रखने एवं उसके संरक्षण के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। माता गुजरी ने गुरु तेग बहादुर व अपने पोतों के बलिदान को आंखों से देखा। इसी का परिणाम है कि इस भारत भूमि में आस्था जीवित है।

उन्होंने कहा कि इस भारत भूमि के गुरुओं में गुरुगोविंद सिंह का स्मरण किया जाता है। गुरुतेग बहादुर के बलिदान को ध्यान में रखते हुए आज यह संगोष्ठी आयोजित की गई है। आरएसएस ने तय किया है कि पूरे देश में यह आयोजन कर गुरुतेग बहादुर के बलिदान को याद किया जाएगा। जिन्होंने दीर्घ व प्रतापी परंपरा को अक्षुग्ण बनाए रखने में सहायक बने। आकाश परिहार मुंगेली ने एकल गायन पेश किया।

### शस्त्र, शास्त्र में निपुण थे गुरुतेग बहादुर

मुख्य वक्ता अमरिक सिंह ने अपने उदबोधन में बताया कि गुरुतेग बहादुर अपने साहस व बलिदान से सिख धर्म और मानवता की रक्षा की। मुगल सम्राट औरंगजेब के जबरन धर्मांतरण के खिलाफ़ धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया। गुरु तेग बहादुर का जन्म 21 अप्रैल 1621 को अमृतसर में गुरु हरगोबिंद और माता नानकी के घर हुआ था। उन्होंने शस्त्र और शास्त्र दोनों में निपुणता हासिल की। उन्होंने सिखों के अनुयायियों को शिक्षित व प्रचार करने कई यात्राएं की। इन यात्राओं के दौरान उन्होंने पंजाब में 'चक-नानकी' शहर की स्थापना की, जो बाद में 'आनंदपुर साहिब' का हिस्सा बना। उन्होंने बताया कि औरंगजेब के शासनकाल में कश्मीरी पंडितों पर जबरन धर्मांतरण का दबाव डाला गया। गुरु तेग बहादुर ने धार्मिक स्वतंत्रता के लिए लड़ने का फैसला किया और औरंगजेब के अन्याय के खिलाफ खड़े हुए। जब औरंगजेब ने गुरु तेग बहादुर को इस्लाम कबूल करने के लिए कहा तो गुरु ने जवाब दिया कि यदि उन्होंने अपना धर्म बदल लिया, तो वे भी ऐसा ही करेंगे। इस पर औरंगजेब ने गुरु को गिरफ्तार कर लिया और गुरुतेग बहादुर और उनके पांच साथियों को दिल्ली ले जाया गया। औरंगजेब के आदेश पर 24 नवंबर 1675 को उन्हें दिल्ली में फांसी दे दी गई। उनकी शहादत का सिख समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ा और इसने 'खालसा पंथ' की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

### सिख गुरुओं की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता : शर्मा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर संघ चालक प्रदीप शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत के गौरव गुरुतेग बहादुर जिसे हिंद के चादर के नाम से जानते थे, के शहीद को याद करने यहां हम सब उपस्थित हुए हैं। त्याग, तपस्या, बलिदान के प्रतीक गुरुतेग बहादुर ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने बच्चों को कुर्बान कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में राजस्थान, पंजाब, बंगाल एक ऐसे राज्य हैं। जहां विदेशी आक्रमणकारियों से लड़ते हुए भारत की रक्षा की गई। सिख रेजीमेंट जहां पहुंच जाते वहां दुश्मनों की आधी हार हो जाती थी। सिख गुरुओं एवं उनके बच्चों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### गुरु ग्रंथ साहिब भारत को जोड़ने वाला ग्रंथ : साहू

विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक गणेश साहू ने बताया कि आरएसएस के बीजारोपण के समय श्री हेडगेवार ने सिख समाज के सभी गुरुओं पर विचार कर संगठन तैयार किया। समाज में जब अस्पृश्यता दिखाई दी तो सिख पंथ के विचार को याद किया गया कि भारत के जनमानस को जोड़कर रखना है तो संगत व पंगत की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि आरएसएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिखों के 10 गुरुओं के जीवन के बारे में बताए जाते हैं। इससे कार्यक्रम में उपस्थित लाखों लोग प्रेरणा लेते हैं। गुरु ग्रंथ साहिब भारत को जोड़ने वाला ग्रंथ है। इसमें भगवान राम का नाम उल्लेखित है। उन्होंने बताया कि संघ का कोई भी ऐसा कार्यक्रम नहीं है जिसमें इन गुरुओं का चिंतन नहीं होता होगा। गुरुगोविंद सिंह ने भारत की वैश्विक संस्कृति को पढ़ कर चंडी दीवार नामक ग्रंथ लिखे जो कि भारत की संस्कृति को जोड़ने वाला है। उनके विचार अदभूत हैं। वे भारतीय संस्कृति को गौरवपूर्ण स्थिति में रखना चाहते थे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मनदीप सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह ढुआ, अनिल सिंह सलूजा, नितिन, अजीत सिंह भोगल, त्रिलोचन सिंह, अमरदेव भगत, दर्शन लाल छाबड़ा, श्री खनूजा सिरगिट्टी, असीतपाल जुनेजा, श्री चावला, मुखी सिंह, डॉ खण्डूजा, नवदीप सिंह, डॉ विनोद तिवारी, भूपेंद्र पाण्डेय, अरूण, यश मिश्रा, कौशल प्रताप सिंह, गणपत राय, तारणेश गौतम, डॉ माखीजा, सीएस गंभीर, बलवीर सिंह चावला सहित सिख समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# फैंसी ड्रेस में बच्चों ने विभिन्न वेश में दिया रचनात्मक संदेश









दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के पीपीडब्लू विंग ने फैंसी ड्रेस एक्टिविटी का भव्य आयोजन किया। इसमें नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने विभिन्न पात्रों के वेशभूषा में रचनात्मक संदेश दिया और अपने आकर्षक प्रस्तुति के आधार पर स्थान बनाया।

### डीपीएस बिलासपुर के पीपीडब्लू विंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बच्चों ने डॉक्टर, फार्मर, सोल्जर, फ्रीडम फाइटर, एनीमल आदि के रूप में अपनी रचनात्मक और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। मंच की सजावट ने इस एक्टिविटी में चार चांद लगा दिया। निर्णायकों में प्रीति तिवारी एवं आरती वर्मा शामिल रहीं। जिन्होंने प्रस्तुति के अनुसार निर्णय किया। नर्सरी में अन्वी सिंह, गौरवी पुरोहित, घनीश पमनानी, राघव श्रीवास,



गुरबानी कौर, दिव्यांश ग्वालानी, निष्का मेश्राम, अधिराज अग्रवाल, एलकेजी में अद्वित जायसवाल, दक्षित कश्यप, पृषा सुतारिया, अबीर कौशिक, तन्वी पोपटानी, अविरल वर्मा, अक्षत गोयल, वेदा मिश्रा, यूकेजी में आयुष वर्मा, देवांश बंजारे, मान्या शुक्ला, अनुकृति सिंह ठाकुर, ईशान कौशिक, शिवन्या घोष, अमायरा खान, अद्वितीय जुनेजा ने स्थान बनाया।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसी गतिविधि से बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल बढ़ती है।

## ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण नियंत्रण का एकमात्र विकल्प पौधरोपण : श्रद्धा



**बिलासपुर।** हरिहर आक्सीजोन परिक्षेत्र में आज वास्तु और रूप नवग्रह पौधों का रोपण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि समाज सेवी श्रद्धा दुबे एवं संजय दुबे अध्यक्ष सीएमडी महाविद्यालय बिलासपुर रहे ।

श्रद्धा संजय दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण नियंत्रण का एकमात्र विकल्प पौधारोपण है। जिसे निरंतर सेवा संकल्प के साथ वृक्ष के रूप में तैयार किया जा सकता है। जिसका जीवंत उदाहरण हरिहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र है। मुझे यहां आकर बेहद खुशी हुई कि सेवा भावी महिला व पुरुषों की टीम निरंतर निःस्वार्थ से सेवा कार्य में संलग्न हैं। जिससे वे बेहद प्रभावित है। पर्यावरण प्रेमियों सहित आम जनों से अनुरोध है कि इस अभियान में अधिक से अधिक लोग अपनी सहभागिता प्रदान कर यथासंभव सहयोग करें। साथ ही हमें अपने आसपास सड़क किनारे, खुली जमीन, तालाब, नदी के किनारे व उद्यान क्षेत्र में पौधरोपण के साथ निरंतर सेवा कर उसको वृक्ष बनाने का प्रयास हो। इस अवसर पर जीएल कश्यप, शिव शंकर अग्रवाल, संजय वर्मा, किशोर दुबे, मोहित श्रीवास, भुवन वर्मा, एसपी रजक, डॉ शंकर यादव, संतोष चंद्र, तारा साहू, सतीश वर्मा, शेखर शर्मा, अजय रजक, योगेश गुप्ता, सन्तोषी वर्मा, डॉ अन्नपूर्णा यादव, आरती रजक, ममता गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## सौ कलाकार एक साथ प्रस्तुत करेंगे बांस गीत



**बिलासपुर।** बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित बांस गीत गाथा समारोह में सौ गायक और वादक कलाकार एक साथ बांस गीत गाथा का प्रदर्शन 7 दिसंबर को पं. देवकी नंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर बिलासपुर में दोपहर 2 बजे से करेंगे। बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पुरातन कला बांस गीत यादवी संस्कृति का प्रतीक है। जिसे बांस के पोली नली से निर्मित वाद्य को फूंककर वादक पुरुष स्वर निकालता है और साथी कलाकर यादवों की सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक चरित्रों को गाथा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। वहीं सहयोगी कलाकार ठेही देते हैं। 7 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में सौ बांस गीत कलाकारों का अभिनव आयोजन पहली बार होगा। जिसमें बिलासपुर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के बांस गायक और वादक कलाकार शामिल होंगे।

स्पोटर्स न्यूज

## पॉवर कंपनीज हॉकी स्पर्धा में कोरबा पश्चिम बना सरताज




**बिलासपुर।** बहतराई स्थित हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान में खेले जा रहे पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का विजयी खिताब कोरबा पश्चिम के नाम रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने अंबिकापुर क्षेत्र को 2-0 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की।

कोरबा पश्चिम की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर 2-0 से कब्जा कर लिया। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद बिलासपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 19 से 22 नवंबर तक आयोजित चार दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता कोरबा पश्चिम की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही। अंबिकापुर की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ए. के. अम्बस्ट द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

कार्यपालक निदेशक श्री अम्बस्थ ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने चार दिनों तक उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े, अमर चौधरी, पीआर साहू, डीपी बारवा, स्मिता सूर्यवंशी, तृप्ति जांगड़े, मुकेश माथुर, दीपक तिग्गा, एजे सिंह आदि मौजूद थे।

## एलसीआईटी के तैराक यश ने जीते दो गोल्ड

लख्मीचंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बोदरी का होनहार तैराक यश तिवारी एकीकृत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता मे दो गोल्ड मैडल जीतकर एलसीआईटी का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा एकीकृत राज्य स्तरीय तैराकी (महिला /पुरुष ) प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवंबर को अक्षांश इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल रायपुर में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में लख्मीचंद इंस्टीटयूट ऑफ़ टेक्नोलाजी बिलासपुर के तैंराक यश तिवारी बी टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनिरिंग तृतीय सेमेस्टर के छात्र ने



50 मीटर फ्री स्टाइल व 50 मीटर बैक स्ट्रोक मे गोल्ड मैडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाडी को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के फिजिकल डायरेक्टर किशोर कुमार भारद्वाज द्वारा मेडल पहनाया गया। गोल्ड मैडल जीतकर यश तिवारी छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की तैराकी टीम में चयन हुआ है। इनके गोल्ड मैडल जितने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय, उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल, प्राचार्य डॉ. रितेश जैन, प्राचार्य डॉ. संदीप गुप्ता, डॉ. भूमिका दास, विष्णुकांत सोनी, दिपेन्द्र राठौर, डॉ. राहुल गेदाम, आशीष पाल डॉ. राजेश श्रीवास्तव आदि ने बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है।

## प्रदेश के दिव्यांग तैराकों ने 11 पदक प्राप्त किए




प्रदेश के दिव्यांग तैराकों ने हैदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 11 पदक प्राप्त किया है। इसमें 3 स्वर्ण, 6 रजत एवं 2 कांस्य पदक शामिल है।

25 वीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 18 नवंबर तक भारतीय खेल प्राधिकरण तरण ताल हैदराबाद तेलंगाना में किया गया था। उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य के दिव्यांग तैराकी दल में 19 पुरुष तैराक, 5 महिला तैराक एवं 2 कोच, 2 मैनेजर दिव्यांग तैराकों के सहयोगी 5, कुल 33 सदस्य भाग लिए। दिव्यांग तैराकों ने इस स्पर्धा में अपना भाग्य आजमा कर छत्तीसगढ़ राज्य का तैराकी के क्षेत्र में झंडा ऊंचा रखते छत्तीसगढ़ को गौरांवित किया। इसमें पुरुष वर्ग सीनियर में रोहित कुमार गोंड जीपीएम ने 2 स्वर्ण 1 रजत पदक, परमानंद कोसले बिलासपुर ने 2 रजत पदक, जंतराम पनिका जीपीएम ने 1 कांस्य पदक, जूनियर वर्ग में सतेंद्र राम जशपुर ने एक रजत पदक, सबजूनियर वर्ग में अभिनव राज रायपुर ने 1 स्वर्ण 2 रजत पदक, महिला वर्ग में मोहनी मरावी जीपीएम ने 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रकार प्रदेश के दिव्यांग तैराकों ने 3 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 2 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक पदक प्राप्त किया है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को बांटे गए गर्म कपड़े



**पेंड्रा।** क्षेत्र में ठंड का असर बढ़ते ही स्वर्गीय शरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना वार्षिक सेवा अभियान एक बार फिर शुरू कर दिया है। ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य एवं समाजसेवी सत्य प्रकाश फरमानिया की ओर से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। ट्रस्ट कई वर्षों से शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहा है, और हर साल सर्दी की शुरुआत के साथ यह सेवा कार्यक्रम प्राथमिकता से संचालित किया जाता है। सत्य प्रकाश फरमानिया ने बताया कि, इस वर्ष भी विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत निर्धन विद्यार्थियों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे ठंड के मौसम में बिना किसी कठिनाई के स्कूल जा सकें। ट्रस्ट ने इस साल स्कूलों के खुलने के समय बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन सहित अन्य अध्ययन सामग्री भी वितरित की थी, जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध हो सकें।

### किसानों को चना बीज का वितरण



**मस्तूरी।** विकास खंड अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत आमगांव में रविवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना राइस बेस्ड चना अंतर्गत किसानों को चना बीज का वितरण किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया उपस्थित रहे। साथ ही सहकारिता सभापति सरिता नरेंद्र नायक, जनपद सदस्य मेनिका सुमित जगत, सरपंच हीरा देवी, खेमराज पटेल, उप सरपंच भान सिंह मरावी, सचिव बलिस्टर राम पटेल ,प्रमुख कृषक मंडल महामंत्री हेमलाल जगत, मंगलुराम यादव, प्रमोद कुमार पोर्ते, माखनलाल मरावी, दयालु राम पटेल, दयाराम नेताम, पुनाराम पोर्ते, शिवसिंह यादव, योगीराम यादव, नवीन मेश्राम सहित गांव के कृषक उपस्थित रहे।

### जपं की सामान्य सभा का आयोजन



**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली की सामान्य सभा का आयोजन सुसज्जित जनपद सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने की। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं एवं विभागीय प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। मुख्य रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्य, पेंशन, पीएम सूर्य घर योजना, ग्रामों में विद्युत व्यवस्था पेयजल, स्वच्छता तथा पंचायतवार प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाए एवं पंचायतों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिम्मेदार अधिकारी नामित किए जाए। पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन पांडेय ने महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यकर्ता व सहायिका भर्ती में गड़बड़ी का मामला उठाया।

## निधन

### व्यासनारायण तिवारी

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर किलावार्ड निवासी पूर्व प्राचार्य पंडित व्यासनारायण तिवारी का रविवार 23 नवंबर को निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम नारियल कोठी दयालबंद में किया गया। वे नंदकिशोर तिवारी के बड़े भाई व मदनमोहन, मनीष, मनोज, शीला, शशि, सुषमा के पिता थे।



### रमेश विश्वकर्मा

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर फजल बाड़ा निवासी रमेश विश्वकर्मा पिता स्व. परमानंद विश्वकर्मा का 50 साल की उम्र में 23 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाषचंद्र विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा के भाई, रिया, माही और आयुष के पिता थे।



### मनोज कुमार साहू

**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत किरारी के प्रतिष्ठित नागरिक रघुनाथ साहू के पुत्र मनोज कुमार साहू (राहुल) उम्र 20 वर्ष की रविवार 23 नवंबर को अचानक हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई। इनकी अंत्येष्ठि स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुई।



### सतीश साहू

**पथरिया।** नगर के व्यापारी एवं किराना स्टोर संचालक सतीश साहू का 45 वर्ष की उम्र में 23 नवंबर रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पदमपुर के मुक्तिधाम में किया गया। वे द्वारिका साहू के पुत्र एवं शरद साहू, रुपेश साहू, बद्री साहू एव संदीप के बड़े भाई थे।



### कुंवरिया बाई विश्वकर्मा

**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा निवासी कुंवरिया बाई विश्वकर्मा का 78 वर्ष की आयु में 23 नवंबर को निधन हो गया। वे मुरित राम, राजकुमार, जगदीश, अरूण एवं राजेंद्र विश्वकर्मा की बुआ थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया।



### फगनी बाई धुरी

**तखतपुर।** ग्राम मोढ़े निवासी फगनी बाई धुरी की 45 वर्ष की आयु में 23 नवम्बर को निधन हो गया। वे अशोक कुमार धुरी की पत्नी, रघुवेंद्र धुरी, रध्यु धुरी की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोढ़ में किया गया।



### धान उपार्जन केंद्रों में दिखने लगी चहल-पहल

# धान की कटाई-मिसाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के अन्नदाता अब अपनी सबसे बड़ी पूंजी धान की फसल को सहेजने के लिए पूरी ताकत से जुट गए हैं। त्योहार की चहल-पहल शांत होते ही, जिले के ग्रामीण अंचलों में धान कटाई और मिंजाई का काम जोरों पर शुरू हो गया है। सर्मथन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जानी है, जिसको लेकर जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों का उत्साह देखने को मिल रहा है।

जिले के लोरमी, पथरिया और मुंगेली ब्लॉक के कई हिस्सों में किसान सोने जैसी पकी हुई फसल की कटाई में लगे हैं। इस वर्ष कई स्थानों पर हुई अच्छी बारिश और शासन की किसान हितैषी नीतियों के कारण धान की बंपर पैदावार की उम्मीद है। कटाई का काम अब ट्रैक्टरों, थ्रेशर और हार्वेस्टर की मदद से पूरी गति पकड़ चुका है। साथ ही छोटे किसान पारंपरिक हंसिया और मजदूरों का सहारा ले रहे हैं। कटाई के तुरंत बाद किसानों की नजरें अब अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए सरकारी धान खरीदी केंद्रों पर टिकी हुई हैं। मुंगेली जिले में इस वर्ष 105 धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सुचारू खरीदी के लिए समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को बारदाना और तौलाई में किसी तरह की परेशानी न हो। कई केंद्रों पर धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है और अब कटाई के बाद खरीदी में भी तेजी आने की उम्मीद है।



धान की कटाई करते किसान।

### जिले में अब तक तक 86 हजार क्विंटल से अधिक धान खरीदी

शासन की ओर से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिले में अब तक 86 हजार 238 क्विंटल से अधिक धान खरीदी की जा चुकी है। खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठक व्यवस्था आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है, जिससे धान बेचने के लिए किसानों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। जिले में उपार्जन केंद्रों की संख्या 105 है तथा पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 7 हजार 214 है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में 66 समितियों के माध्यम से पारदर्शिता, सुगमता एवं पूर्ण निगरानी के साथ धान खरीदी की जा रही है।

**नोडल अधिकारी नियुक्त-** केंद्रों में सुचारू धान खरीदी हेतु प्रभारियों और जिला नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिले में धान खरीदी के लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है तथा बेहतर मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। रूट मैपिंग करने एवं परिवहन के लिए चिन्हांकित वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाकर विशेष निगरानी की जा रही है। धान परिवहन में किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसानों के लिए हेल्पलाइन नंबर 7755299003 जारी किया गया है। धान खरीदी संबंधी समस्या के लिए किसान उक्त नंबर पर कॉल कर सकते हैं।





## मितानिनों को किया गया सम्मानित

**लोरमी।** मितानिन दिवस की 24वीं वर्षगांठ पर ग्राम पंचायत जोतपुर में बड़े धूमधाम से मितानिन दिवस मनाया गया। पुष्पा जांगड़े मितानिन ब्लाक समन्वयक, चंद्रकला राजपूत मितानिन पंचायत समन्वयक, आनंद खांडेकर मितानिन एमटी, मितानिन ललिता कुर्रे, राजकुमारी खांडेकर, तीजन टंडन को सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक कोशले ने तिलक लगाकर एवं श्रीफल व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर आनंद खांडेकर एमटी ने कहा कि, हमारे गांव की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। ये गांव में हर जरुरतमंद के स्वास्थ्य के प्रति सचेत होकर सेवाएं दे रही हैं। कार्यक्रम को त्रिलोक कोशले, गोवर्धन जांगड़े पुष्पा जांगड़े ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालक हेमंत खांडेकर एवं आभार पंच भुनेश्वर रात्रे ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्रबली चतुर्वेदी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्त्ता, अश्वा राम अनंत जिला मंत्री किसान संघ, रेशम कोशले पंच, राविशन घृतलहरे पंच, सोनदास बंजारा पंच, पोरेंद्रपाल डहरिया, अगरमन गायकवाड आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बिमला कांत आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, उमा देवी पाटले, सुरेश कुर्रे, दिव्यांशु कोशले आदि उपस्थित रहे।



### एसआईआर को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**तखतपुर।** एसआईआर को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का बैठक ग्राम पंचायत काठकोनी के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन एवं प्रभारी पवन साहू, शुक्रिता खूंटे, प्रशिक्षक दिनेश यादव की उपस्थिति ने संपन्न हई। बैठक में प्रमुख रूप से अमित साहू ब्लाक अध्यक्ष, जिला पंचायत प्रत्याशी दूरज कुर्रे, उदय वासुदेव, जगदीश यादव, शत्रुघ्न सूर्यवंशी, शेखर जायसवाल, मनीष राजपूत, रामकुमार पटेल, रोहित लहरे, हमीद कुर्रे, दिनेश कौशिक, संजू, प्रमोद कौशिक, संतोष यादव, दीपक महाजन, रमाकांत बंजारे, संतोष सुनहरे, जय केनाल, अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रमोद कौशिक, विनोद यादव, दयानंद पटेल, बहोरन मार्को, इतवारी पटेल, राकेश जगत, राकेश कुमार, संदीप, नारायण साहू, रोशन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवधा रामायण में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



मंच पर प्रस्तुति देते मानस मंडली।

**सीपत।** नवाडीह सीपत में 21 नवंबर से अखंड नवधा रामायण का अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक शुभारंभ किया गया। आयोजन की शुरुआत श्रद्धा, आस्था और उल्लास से परिपूर्ण कलश यात्रा के साथ हुई। एक समान परिधान में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे के साथ जल लेकर नगर भ्रमण कर वापस रामायण स्थल पहुंचीं। अखंड रामायण में दूर-दराज क्षेत्रों से आई आकर्षक मानस मंडलियां प्रतिदिन अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही हैं। गायन-वादन के क्षेत्र में अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली इन मंडलियों को समिति की ओर से श्रीफल, कैलेंडर एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित भी किया जा रहा है। सुबह और शाम भगवान श्रीराम की भव्य आरती की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन के आचार्य पं पुरुषोत्तम मिश्रा के मार्गदर्शन में यह पावन आयोजन अनुशासित एवं भव्य रूप से संचालित हो रहा है।

1 दिसंबर को हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ अखंड नवधा रामायण का विधिवत समापन किया जाएगा। इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों के साथ-साथ नवाडीह एवं आसपास के समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान सराहनीय रहा है।



## ग्राम कोदवाबानी में मितानिन दिवस पर सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोदवाबानी में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे के द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान ग्राम पंचायत कोदवाबानी में कार्यरत मितानिन बहनों को सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे ने साड़ी, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम सचिव विष्णु सिंह राजपूत, मितानिन प्रमिला डहरिया, माधुरी जायसवाल, नंदिनी साहू, हेमकुमार डहरिया सहित ग्राम के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे ने कहा कि, हमारे गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं सहित शासन के योजनाओं को लेकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## मुंगेली व्यापार मेले की शुरुआत कल से

**मुंगेली।** स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी की ओर से 25 नवंबर से शुरू होने वाले सात दिवसीय मुंगेली व्यापार मेले की तैयारियां भूमि पूजन एवं कार्यालय उद्घाटन के साथ प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में 25 नवम्बर को सुप्रसिद्ध भजन गायक दुकालू राम यादव का कार्यक्रम आयोजित है।



कार्यक्रम की तैयारी में जुटे संस्था के कार्यकर्ता।

आयोजन की तैयारी में संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए है। संस्था के सचिव एवं स्टॉल प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि, इस बार स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहित कर अधिक स्टॉल लगाने की कोशिश की जा रही है, ताकि उन्हें भी बाहरी व्यापारियों की तरह बड़ा लाभ मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि मेले में 300 स्टॉल लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से लगभग 200 स्टॉल बुक हो चुके हैं। संयोजक रामपाल सिंह ने कहा कि, इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेले की थीम रजत महोत्सव तथा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित रखने की योजना है। बैठक के अंत में सहसंयोजक रामशरण यादव ने कहा कि, 10वां साल बेमिसाल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

इस अवसर पर संयोजक रामपाल सिंह, सहसंयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष राज परिहार, एवं दिनेश गोयल, सतपाल मक्कड़, विकास जैन, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, देवशंकर श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह परिहार, गौरव जैन, आशीष सोनी, अनीश जैन, रणवीर सिंह, अनुराग सिंह, सूरज मंगलानी, निलेश केसरवानी, गिरीश सुथार, राहुल साहू, सुनील वाधवानी, आशीष सिंह, कोमल चौबे, नागेश साहू, मुकेश पांडे, पप्पू शर्मा, आर्या सिंह, राहुल मल्लाह, श्रेयांश बैद, पवन यादव, रवि साहू, दिलबाग सिंह, धीरज जैन, देवेंद्र सिंह, वैभव ताम्रकार, संदीप सिंह, रॉकी सलूजा, अजय चंद्राकर, वासु पांडेय, रघुराज सिंह, श्रीओम सिंह, अमीत साहू, चित्रकान्त सिंह, संतोष जांगड़े, सुरेश यादव, परमेश्वर देवांगन सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों में जागरूकता, आत्मविश्वास दोनों बढ़ाना चाहते हैं: एसपी

**मुंगेली।** जिले में 14 नवंबर से शुरु 'बाल सुरक्षा सप्ताह 2025' सिटी कोतवाली परिसर में समापन कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में 60 विद्यार्थियों उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा, जागरूकता, आत्मरक्षा, साइबर सतर्कता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति शिक्षित करना था।

समापन कार्यक्रम में कन्या विद्यालय, नगर पालिका स्कूल तथा बीआरसाव स्कूल के 20-20 विद्यार्थी सहित कुल 60 बच्चे शामिल हुए। बच्चों का पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को बाल सुरक्षा से जुड़े संदेशों, पोस्टरों एवं रंगोली से सजाया गया, जिससे समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। बच्चों को चार प्रमुख प्रतियोगिताओं रंगोली, कविता, निबंध और पेंटिंग में भाग लेने का अवसर दिया गया। इन प्रतियोगिताओं में बाल सुरक्षा, नारी सम्मान, साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार तथा सुरक्षित समाज जैसे विषयों को प्रमुखता से शामिल किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी सृजनात्मकता से सुरक्षा के संदेशों को आकर्षक रूप दिया। कविता प्रतियोगिता में बच्चों ने साइबर अपराध, बाल श्रम, बाल विवाह तथा शिक्षा के महत्व पर प्रभावशाली रचनाएं प्रस्तुत की। निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता में भी बच्चों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े मुद्दों को अपने शब्दों और रंगों के माध्यम से दर्शाते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शैलजा स्वामी, जया गुप्ता, पुलिस विभाग से सुशील कुमार बंछोर, शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास, अजय चंद्राकर, अंकुश पटेल उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बच्चों को प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। अतिथियों ने बच्चों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं, और उन्हें समाज में सुरक्षित रहने की दिशा में प्रेरित करते हैं। एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि, बाल सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य बच्चों को न सिर्फ सुरक्षा संबंधी जानकारी देना है, बल्कि उन्हें यह भरोसा दिलाना भी है कि किसी भी प्रकार की परेशानी में पुलिस उनके साथ खड़ी है।

आज के समय में बच्चों को साइबर सुरक्षा, स्कूल मार्ग की सुरक्षा, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल और अजनबियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। हम इस अभियान के माध्यम से बच्चों में जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ाना चाहते हैं। समारोह के अंत में पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।





बाल सुरक्षा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### बाल सुरक्षा सप्ताह का समापन



## राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए छग की टीम त्रिपुरा रवाना

**लोरमी।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय शतरंज 17 वर्ष बालक-बालिका चैंपियनशिप 2025 का आयोजन नेताजी सुभाष रीजनल कोचिंग सेंटर अगरतला त्रिपुरा में 27 नवंबर से 30 नवम्बर किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ दल का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आत्मानंद स्कूल दाऊपारा मुंगेली में 21 से 23 नवम्बर तक आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य टीम में बालक 17 वर्ष में दिव्य कुमार साहू बिलासपुर संभाग, भुवनेश्वर सिंह ठाकुर बिलासपुर संभाग, सोहम विश्वास बस्तर संभाग, अमन सिंह सरगुजा संभाग, गगन साहू दुर्ग संभाग हैं। इसी तरह बालिका 17 वर्ष वर्ग में इशिका साहू बिलासपुर संभाग, विनिता कैवर्त बिलासपुर संभाग, दीपाली राजपूत दुर्ग संभाग, फरहीन खान सरगुजा, मिताली राजपूत दुर्ग संभाग हैं। दल प्रबंधक एवं प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह एवं बालिका मैनेजर सीमा हैं। छत्तीसगढ़ दल रविवार शाम 4.30 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अगरतला त्रिपुरा के लिए रवाना हुए।

## बिलासा दाई कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

### खिलाड़ियों को नकद ट्रॉफी से किया गया सम्मानित



**मल्हार।** शनिवार को नगर के मेला ग्राउंड में आयोजित बिलासा दाई केंवट कबड्डी प्रतियोगिता में फाईनल मैच वार्ड क्रमांक 11 के टीम कप्तान अजय कैवर्त व वार्ड क्रमांक 10 के टीम कप्तान अंकित कैवर्त के बीच खेला गया। मुकाबले में अजय कैवर्त की टीम ने 41-25 से जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी व 21 हजार रुपए नकद नपं अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त की ओर से प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपए नकद पार्षद कमलेश सिंह ने प्रदान किया। इसी क्रम में पार्षद विष्णु कैवर्त व मिलू कैवर्त ने तृतीय पुरस्कार 5 हजार 500 रूपए प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विजेता टीम को जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे ने 1 हजार 500 रूपए नकद व किसान समिति मल्हार अध्यक्ष गणेशदत्त राजू तिवारी ने 1 हजार रुपए नगद प्रदान कर खिलाडियों का सम्मान किया गया। फाइनल मुकाबले में पुलिस चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखते हुए उन्हें एक स्वस्थ और लक्ष्यपूर्ण दिशा प्रदान करते हैं। जपं सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे ने उत्कृष्ट कमेंट्री किया। नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त ने समापन भाषण में कहा कि, कबड्डी परंपरागत खिलाडियों में आत्मविश्वास, साहस और अकेले तत्काल निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनिल कैवर्त, रामहरि कैवर्त, अरविन्द साहू, पार्षद कमलेश सिंह, विष्णु कैवर्त, मिलू कैवर्त, मनराखन कैवर्त, आशुतोष, वर्मा, मिथून यादव, रामलाल कैवर्त, निलेश कैवर्त, उमेश कैवर्त, अंगद कैवर्त, नकूल कैवर्त, राजू कैवर्त, गोपी कैवर्त, अजय कैवर्त, अमित कैवर्त, रंजीत कैवर्त, भारत कैवर्त, नंदवाल कैवर्त, दिनेश, अंकित, दिलीप, छोटू, परमेश्वर, हरदीप, जय, रिंकू, अजीत, बजरँगी, मनीष आदि शामिल रहे।

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार कल्पना मोईत्रा उम्र 69 वर्ष पति संतोष कुमार मोईत्रा निवासी 14/1363 बेनर्जी स्ट्रिट विनोबा नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा जूना बिलासपुर (विनोबानगर) प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के मेमोरियल अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट नंबर बी-3, खसरा नंबर 723/41, 723/103, 723/48, 723/104 एवं 723/105 रकबा 780 वर्गफीट में स्थित फ्लैट को फ्लैट स्वामी अनिता रानी घोष पति स्व. एम.के. घोष निवासी-मायागुडी देवरीखुर्द बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने हेतु पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अत: उक्त फ्लैट के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी। सो आम सूचना जाने।

बिलासपुर, दिनांक: 23/11/2025

भवदीय

(संतोष वस्त्रकार) अधिवक्ता/नोटरी)
पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9302518147

**समक्ष नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं, आयुषी शर्मा, उम्र 18 वर्ष, पिता स्व. प्रवीण शर्मा, निवासी खम्हारडीह, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) हाल मुकाम एल-10 के सामने, विनोबा नगर, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक कहती हूँ :-

1. यह कि, मेरा घरेलू नाम पलक शर्मा एवं वास्तविक नाम आयुषी शर्मा है।
2. यह कि, नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा मेरे नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम आयुषी शर्मा अंकित / दर्ज है ।
3. यह कि, भारत सरकार द्वारा मेरे नाम पर जारी आधार सं. 2504 1377 1146 में मेरा नाम आयुषी शर्मा अंकित / दर्ज है।
4. यह कि, मेरे पिता स्व. प्रवीण शर्मा के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी पालिसी सं. 385841393 में बतौर नामिनी के रूप में मेरा नाम पलक शर्मा दर्ज अंकित / दर्ज है।
5. यह कि, पलक शर्मा एवं आयुषी शर्मा यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम अर्थात मैं ही हूँ।
6. यह कि, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी पालिसी सं. 385841393 में मेरा नाम पलक शर्मा के स्थान पर आयुषी शर्मा सुधार कराना चाहती हूँ।
7. यह कि उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था के द्वारा किसी भी प्रकार का हक, दावा, आपत्ति अथवा विवाद आदि किया जाता है, तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।
8. यह कि यह शपथ पत्र श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय, भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर के समक्ष उक्त कथन के समर्थन में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता- आयुषी शर्मा



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

## हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए।



पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।

# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स


*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** ट्रेनर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस जांच में जुट गई है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, शनिवार की रात भैंसबोड़ निवासी आशीष मनहर 19 साल ने भैसबोड व दगौरी के बीच में ट्रेन के सामने कूद गया। जिससे उसकी कटककर मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### खेलते समय पानी टंकी में गिरकर बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** खेलते खेलते पानी टंकी में गिरकर बच्ची की मौत हो गई है। कोटा थाना के प्रधार आरक्षक प्रकाशचंद दुबे ने बताया, अमने निवासी सरस्वती वैष्णव अपने पति कल्याणदास वैष्णव को छोड़कर तीन बच्चों के साथ मायके में अपने भाई के घर में रह रही है। शनिवार की शाम 4 बजे उनकी छोटी बेटी पारूल वैष्णव 3 साल घर के बाहर खेल रही थी। घर में 4 फीट का पानी की टंकी बनी हुई है। उसके बगल में गिट्टी को ढेर रखा हुआ है। काफी समय तक वह नहीं दिखी तो घरवाले खोजबीन करने लगे। पानी टंकी के पास उसका चप्पल देखकर घरवाले टंकी के अंदर खोजे तो वह पानी में डूबी मिली। आनन फानन में परिजन उसे टंकी से उसे बाहर निकालकर कोटा अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### पत्रकार से गाली गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दौरान विवाद होने पर पत्रकार के साथ दो युवकों ने मारपीट कर पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर थाना प्रभारी कमलेश बंजारे ने बताया, पुरातत्व विभाग के द्वारा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को शाम 5 बजे ओछिनापारा निवासी कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर रहे थे। इसी दौरान ओछिनापारा मुख्यमार्ग में उनका पत्रकार शिवमोहन बघेल के साथ उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों युवकों ने शिव मोहन बघेल के साथ मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने शिव मोहन बघेल की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घर से पकड़ा गया स्थायी वारंटी

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने न्यायालय के आदेश पर रेलवे एक्ट के स्थायी वारंटी को उसके निवास से पकड़कर कोर्ट में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार न्यू लोको कालोनी सिरगिट्टी निवासी पी श्रीनिवास राव पिता पप्पू मशेनू 45 साल रेलवे एक्ट की धारा 143 का आरोपी था, जिसे रेलवे न्यायालय में पेश किया गया था। पी श्रीनिवास न्यायालय में अनुपस्थित रहता था, जिसे देखते हुए उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था। मुखबिर की सूचना मिलने पर बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक नंद बहादुर के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल, आरक्षक बीडी राज ने उसके निवास में छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## बिना प्रचार-प्रसार कैसे पूरा होगा सस्ते आवास का सपना? नियम की कोई जानकारी नहीं, कहा-राजपत्र पढ़ें सब लिखा है

# सरकार के अफोर्डेबल हाउसिंग कांसेप्ट से टाउन प्लानिंग कन्फ्यूज

**बिलासपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को किफायती दरों पर भूखंड एवं आवास उपलब्ध कराने सरकार द्वारा अफोर्डेबल हाउसिंग कांसेप्ट तो लाया गया है, लेकिन इसकी सही जानकारी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को ही नहीं है। छत्तीसगढ़ जन आवास नियम 2025 पुराने नियमों से कैसे भिन्न है? और इस नियम के लागू होने के बाद लोगों को सस्ते आवास कैसे उपलब्ध हो सकेंगे? इस बारे में विभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक ही नहीं बता पा रहे हैं।

सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी सस्ता भूखंड एवं आवास मुहैया कराने के लिए भले ही छत्तीसगढ़ जन आवास नियम 2025 लागू कर दिया है, लेकिन कालोनाइजरों को इस नियम की सही और सटीक जानकारी



देकर जनता को लाभांवित कर पाने वाले अधिकारी ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की मिट्टी पलीत कर रहे हैं। शासन द्वारा जारी नए नियम पुराने नियमों से किस तरह भिन्न है? इस बात की जानकारी टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में पदस्थ अधिकारियों को ही नहीं है। शायद यही कारण है कि इस संबंध में पूछने पर अक्टूबर 2025 में छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित नियमों को पढ़ लेने की बात कही जा रही है। विभाग के अनुसार इस नियम के लागू होने के बाद पतासाजी के लिए कॉलोनाईजरों का लगातार विभाग में आना हो रहा है, लेकिन नए नियमों के अंतर्गत स्वीकृति के लिए आज दिनांक तक एक भी आवेदन कॉलोनाईजरों द्वारा प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। शासन द्वारा प्रारंभ की गई इतनी महत्वाकांक्षी योजना का समुचित प्रचार-प्रसार के अभाव में दम तोड़ने जैसी स्थिति है। नया नियम आम लोगों को किन कारणों से सस्ता भूखंड या आवास उपलब्ध करा पाएगा जब तक अधिकारी इस बात की जानकारी कॉलोनाईजरों एवं आम जनमानस को नहीं देंगे तब तक यह नियम केवल फाईलों तक ही सीमित रह जाएगा।

### नए नियम में ईडब्ल्यूएस का कोई उल्लेख नहीं

शासन द्वारा जारी नए नियम में कॉलोनाईजर को पहले की तरह ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए जगह छोड़नी है या नहीं इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में कॉलोनाईजर कंफ्यूज हैं, जिससे इसकी टाऊन प्लानिंग विभाग में जाकर इसकी पतासाजी कर रहे हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि कॉलोनाईजरों को भी राजपत्र में सब कुछ लिखा होने की बात कहते हुए चलता कर दिया जा रहा है।

### सारा अधिकार संचालक को

नए नियम के अंतर्गत कॉलोनी विकसित करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत करने के लिए संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छत्तीसगढ़ को अधिकृत किया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर स्थापित कार्यालय से किसी भी तरह की अनुमति या अनुशंसा की फिलहाल कोई जरूरत नहीं होगी।

### बनाए जा चुके हैं नियम

शासन द्वारा निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों को उनके बजट में भूखंड एवं आवास उपलब्ध कराने अफोर्डेबल हाउसिंग का कांसेप्ट लाया गया है। इसके नियम भी बनाए जा चुके हैं। विस्तृत जानकारी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

**-संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### राजपत्र में सब लिखा है

राजपत्र में नियमों का प्रकाशन हो चुका है। इसमें सब लिखा है। विस्तृत जानकारी के लिए राजपत्र को पढ़ा जा सकता है।

**-भानु प्रताप सिंह पटेल,** प्रभारी संयुक्त संचालक, ग्राम तथा नगर निवेश

## नाराज उम्मीदवारों ने कोआर्डिनेटर को घेरा, भेदभाव का आरोप लगाया

# हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा में हंगामा, एक दो मिनट की देरी पर नहीं दिया गया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के दौरान रविवार को शहर के कई परीक्षा सेंटरों में जमकर हंगामा हुआ। एक दो मिनट की देरी पर उम्मीदवारों को सेंटर में प्रवेश नहीं दिया गया। इसे लेकर विवाद की स्थिति बनती रही।

खास तौर पर देवकीनंदन स्कूल सेंटर पर अधिक विवाद हुआ। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके बाद उन्होंने व्यापमं के कोआर्डिनेटर को घेर लिया और परीक्षा हॉल में प्रवेश देने की मांग की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि जब एक परीक्षार्थी जो बाहर घूम रहा था उसे प्रवेश दे दिया गया, तो कुछ देरी से आने वाले अन्य परीक्षार्थियों के लिए गेट बंद क्यों किया गया। उन्होंने इसे भेदभाव बताया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक एक छात्र अपना रोल नंबर ढूंढ रहा था उसे ही प्रवेश दिया गया। व्यापमं के कोआर्डिनेटर डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय के मुताबिक वे देवकीनंदन सेंटर में वह 10.50 बजे पहुंचे तो उन्हें गेट के बाहर कुछ परीक्षार्थी खड़े दिखे। य लोग परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की मांग कर रहे थे, लेकिन गेट बंद हो चुका था, इसलिए उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। गौरतलब है कि हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के लिए व्यापमं की ओर से जारी निर्देशिका में ड्रेस कोड से लेकर सुबह 10:30 बजे से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने सहित 15 बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिए गए थे। व्यापमं के नोडल अधिकारी के मुताबिक देवकीनंदन स्कूल सेंटर में कुल 360 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें से 233 परीक्षार्थी निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचे, जबकि 127 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे। परीक्षा में शामिल होने के लिए अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे दूरस्थ स्थानों से बिलासपुर पहुंचे कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें प्रवेश पत्र की स्पष्ट कॉपी निकलवाने में दिक्कत हुई, जिसके कारण उन्हें दोबारा भेजा गया। इस प्रक्रिया में उन्हें एक-दो मिनट की देरी हो गई, लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिली।



रविवार को हैंडपंप टेक्नीशियन की परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

### 36 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे ही नहीं

व्यापमं परीक्षा के प्रभारी और डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर ने बताया कि हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए शहर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 3101 परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 1971 परीक्षार्थी ही निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे। कुल 1130 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे, जो लगभग 36 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि या गड़बड़ी की कोई शिकायत कहीं से प्राप्त नहीं हुई है।

### इन सेंटरों में आयोजित की गई परीक्षा

हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए आयोजित परीक्षा जिन सेंटरों में आयोजित की गई, उनमें शासकीय जेपी वर्मा पीजी आर्ट्स एंड कॉमर्स कालेज जरहाभाठा, गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी कालेज लिंक रोड, देवकीनंदन दीक्षित कन्या हाई स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स हायर सेंकेडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट स्कूल, गवर्नमेंट हायर सेकंडेरी स्कूल राजेंदर नगर, हायर सेंकेंडरी स्कूल राजेंद्र नगर, सरकंडा स्कूल, पीएमश्री कन्या हाई स्कूल नूतन चौक, गवर्नमेंट स्कूल चांटीडीह स्कूल शामिल है।

# लिंगियाडीह में तोड़फोड़ का विवाद गहराया 100 से अधिक महिलाएं बैठीं धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रभावित नागरिकों ने खास तौर पर महिलाएं इसके विरोध में उतर आईं हैं। महिलाओं ने लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की जा रही है।

- **दशकों से इस क्षेत्र में रह रहीं हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है**

महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहीं हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगे नहीं, हक है जो चाहिए। इसके लिए जहर क्यों न पीना पड़े।

धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं। विरोध स्थल पर बैनर, तख्तियां, रोष भी है। धरने पर मौजूद बच्चे स्कूल बैग और किताबें गोद में रखे बैठे हैं। महिलाओं के मुताबिक पढ़ाई, भविष्य, सुरक्षा सब कुछ तबाह कर नगर निगम किसके लिए गार्डन बनाना चाह रहा है। वार्ड के कांग्रेस पार्षद दिलीप पाटिल का कहना है कि निगम का उद्देश्य विकास नहीं, बल्कि कमजोर तबके को हटाने की नीति है। ध्यान रहे कि इस बारे में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट का घेराव भी किया था।





### स्थायी पट्टा मिला और ना सुरक्षा की गारंटी

यहां के लोगों ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है, और हाल में पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं, लेकिन उस स्थल पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

धरने पर बैठीं महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

# चार पहिया वाहन खराब होने से उसलापुर ब्रिज पर जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार को दोपहर में चार पहिया वाहन खराब होने से उसलापुर ब्रिज पर जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और एम्बुलेंस फंस गया। काफी मशक्कत के बाद खराब गाड़ी को हटाने के बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

- **ब्रिज में फंसे एम्बुलेंस को मशक्कत के बाद हटाया गया**

उसलापुर - सकरी रोड़ में ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ गया है। रविवार को छुट्टी के दिन सुबह से ट्रैफिक का दबाव है। लोग परिवार के साथ वाहनों से पिकनिक मनाने कोटा रोड की ओर जाते हैं। ट्रैफिक के दबाव के बीच दोपहर 12 बजे अचानक उसलापुर ब्रिज पर एक चार पहिया वाहन खराब होकर खड़ा हो गया। उसके बाद दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम में मरीज लेकर जा रहा एम्बुलेंस भी फंस गया। दोपहिया वाहन वाले किसी तरह फुटपाथ पर गाड़ी चलाकर निकलने लगे। भारी मशक्कत के बाद लोगों के द्वारा खराब चार पहिया वाहन को सड़क किनारे किया गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है। ज्ञात हो कि संकरा ब्रिज में ट्रैफिक का दबाव अधिक होने से आए दिन जाम लगता रहता है और लोगों को जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ता है। आलम यह है कि जाम लगने पर दूर दूर तक ट्रैफिक के अधिकारी व जवान नजर नहीं आते हैं। यह नजारा केवल एक दिन की नहीं आए दिन इस समस्या से लोगों को दोचार होना पड़ता है। जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है, इसके बाद भी प्रशासन आंख मूंद कर बैठी है।






मरीज को लेकर जा रही एंबुलेस उसलापुर ब्रिज पर खराब, लगा जाम।

# खड़े ट्रेलर से डीजल चोरी करते स्कार्पियो सवार दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हाइवे में खड़े ट्रेलर से डीजल चोरी करते स्कार्पियो सवार दो युवकों को ड्राइवरों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर थाना प्रभारी कमलेश बंजारे ने बताया, परसदा निवासी सुरेन्द्र कैवर्त रात में नेशनल हाइवे खैरखुंडी में सड़क किनारे ट्रेलर खड़े कर सो गए थे। वहीं आसपास अन्य भारी वाहन खड़े हुए थे। देर रात स्कार्पियो से दो युवक आए और उनके ट्रेलर की टंकी का लाक तोड़कर पाइप डालकर डीजल चोरी करने लगे। इसी दौरान गाड़ी में सो रहे ड्राइवर को भनक लग गई। उसने अन्य गाड़ियों के ड्राइवरों के साथ मिलकर डीजल चोरी करते परसदा निवासी विजय कुमार केंवट, शनि कुमार केंवट को पकड़ लिया। उनकी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 13 सी, 9327 में खाली डीजल के डिब्बे रखे हुए थे। उनके पास से 20 लीटर चोरी का डीजल मिला है। ड्राइवरों ने चोरी के डीजल, गाड़ी सहित दोनों युवकों को रतनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।



- **खड़े ट्रेलर की टंकी का लॉक तोड़कर चोरी किया डीजल**

पुलिस ने डीजल सहित गाड़ी जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक को पालतू कुत्ते से कटवाया, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** विवाद होने पर एक युवक ने दूसरे व्यक्ति को अपने पालतू कुत्ते से कटवाकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा निवासी सुमीत कुशवाहा पिता रामचंद्र कशवाहा 22 नवंबर की रात 9.30 बजे अपने साथी आलेक वर्मा, रिंकू देवांगनके साथ पुराना बस स्टैण्ड कबाड़ी दुकान के पास राजू साहू के पास लड़ाई झगड़ा का कारण पूछने गए थे। इसी दौरान उनका राजू साहू से विवाद हो गया और राजू साहू अपने पालतू कुत्ते को काटने के लिए उकसाने लगा। पालतू कुत्ते ने उनकी कमर के नीचे काटकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने सुमित की रिपोर्ट पर राजू साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# साइबर सेल के दो आरक्षकों का बयान दर्ज

**बिलासपुर।** ढाई करोड़ रुपए लेनदेन के मामले में साइबर सेल से बिना अपराध दर्ज हुए फरार युवक का मोबाइल लोकेशन दूसरे पक्ष को देने के मामले में जांच शुरू हो गई है। दो आरक्षकों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया है।

राजनांदगांव निवासी अनिल सोनी व करबला व गांधी चौक में रहने वाले दो युवकों के साथ शहर में क्रिप्टो करंसी के नाम पर लोगों से पैसा जमा करा रहे थे। इसी बीच अनिल सोनी करीब ढाई करोड़ रुपए लेकर शहर छोड़कर भाग गया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। दोनों युवकों ने साइबर सेल के पुलिसकर्मियों से संपर्क किया। बिना एफआईआर के अनिल सोनी का मोबाइल लोकेशन निकाल गोपनीय तरीके दे दिया गया था। उसके बाद दोनों युवकों ने अपने साथियों के साथ महासमुंद सांकरा स्थित एक लाज में क्राइम ब्रांच के सदस्य बनकर दबिश दी और उक्त व्यक्ति को उठाकर शहर लाने लगे। जानकारी मिलने पर महासमुंद पुलिस ने रायपुर के पहले सभी को पकड़ लिया था। बाद में लेनदेन का मामला निकलने पर अनिल सोनी के पिता ने रिपोर्ट नहीं लिखाई, जिससे सभी को छोड़ दिया गया था। एसएसपी के आदेश पर इस मामले की जांच की जा रही है। इस सिलसिले में सीएसपी कार्यालय में साइबर सेल के दो आरक्षकों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया गया है। वहीं अन्य पुलिसकर्मियों के बाहर होने से बयान नहीं हो पाया है।

### लोकेशन लेने वाले युवकों से होगी पूछताछ

साइबर सेल से मोबाइल लोकेशन लेने वाले दोनों युवकों की पहचान हो गई है। पुलिस दोनों युवकों को सीएसपी कार्यालय में तलब कर उनका बयान दर्ज करने की तैयारी में है। युवकों से पूछताछ में स्पष्ट हो जाएगा। गोपनीयता भंग करते हुए मोबाइल लोकेशन निकालकर किसने और किसके कहने पर और क्यों दिया था।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

